Amar Ujala 22-4-26

# कॅरिअर गाइडेंस विजिट से विद्यार्थियों को मिली नई शिक्षा नीति की जानकारी

## एसडी कॉलेज में 130 विद्यार्थियों ने जाना प्रोफेशनल कोर्सेज का भविष्य

माई सिटी रिपोर्टर

चंडीगढ़। सेक्टर-32 के एसडी कॉलेज में आयोजित कॅरिअर गाइडेंस विजिट के दौरान पंचकूला के स्कूल छात्रों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति और प्रोफेशनल कोर्सेज की जानकारी दी गई। कॉलेज के पीजी कॉमर्स एंड मैनेजमेंट विभाग की ओर से आयोजित इस विजिट में सतलुज पब्लिक स्कूल पंचकूला के 130 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम विकसित भारत 2047 विजन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत आयोजित किया गया।

कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने विद्यार्थियों को बहुविषयक शिक्षा प्रणाली के फायदे बताते हुए कहा कि अब छात्र अपनी रुचि के अनुसार विषय चुन सकते हैं। विजिट के दौरान विद्यार्थियों को कॉलेज कैंपस का भ्रमण कराया गया, जिसमें लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम, अकादमिक ब्लॉक और स्ट्रेस मैनेजमेंट सेंटर शामिल रहे। डॉ. मेरू सहगल ने कॉमर्स में कॅरिअर संभावनाओं जैसे सीए, सीएस और फॉरेंसिक अकाउंटिंग के बारे में जानकारी दी, जबकि डॉ. राजीव बहल और डॉ. तरुणदीप ने स्किल बेस्ड एजुकेशन और ह्यूमैनिटीज के विकल्पों पर मार्गदर्शन दिया। इंटरैक्टिव सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सवाल पूछे और विशेषज्ञों से करियर से जुड़े संदेह दूर किए।



एसडी कॉलेज में कॅरिअर गाइडेंस विजिट करने वाले विद्यार्थी। स्कूल

Arth Parkash 22.4.26

# करियर गाइडेंस विजिट से स्कूल के छात्रों को मिला नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का अनुभव

**विकसित भारत 2047 विज़न के तहत एसडी कॉलेज ने आयोजित की करियर गाइडेंस विजिट, छात्रों को मिली प्रोफेशनल कोर्सेज की जानकारी**



**अर्थ प्रकाश संवाददाता**

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के पीजी कामर्स एंड मैनेजमेंट विभाग द्वारा सतलुज पब्लिक स्कूल, पंचकुला के 11वीं और 12वीं कक्षा (कॉमर्स एवं ह्यूमैनिटीज) के 130 से अधिक स्टूडेंट्स के लिए करियर गाइडेंस विजिट आयोजित किया गया। यह विजिट राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रति जागरूकता और विकसित भारत 2047 के विज़न के अनुरूप आयोजित की गई। स्कूल से आए स्टूडेंट्स और टीचर्स का स्वागत कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में संस्थान की गौरवशाली विरासत, उपलब्धियों और यहां उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

डॉ. अजय शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को बहुविषयक अध्ययन की सुविधा मिलती है। उन्होंने बताया कि अब छात्र अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार विषयों का चयन कर सकते हैं, जिससे उनकी प्रतिभा को बेहतर ढंग से विकसित करने में सहायता मिलती है। इसके साथ ही, कौशल विकास आधारित कोर्सों को भी शामिल किया गया है, जो विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार बनाते हैं। उन्होंने स्टूडेंट्स को अपने करियर को लेकर जागरूक रहने और बदलते शैक्षणिक परिदृश्य के अनुरूप खुद को तैयार करने के लिए प्रेरित किया। रियर गाइडेंस विजिट के दौरान स्टूडेंट्स को डॉ. मोनिका मित्तल के नेतृत्व में कॉलेज कैंपस का दौरा करवाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मनुसुदय (स्ट्रेस मैनेजमेंट सेंटर), कॉलेज लाइब्रेरी, कामर्स एंड आर्ट्स के ब्लॉक, ऑडिटोरियम तथा एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक का अवलोकन किया।

Dainik Jagran 22-4-26

# स्कूली स्टूडेंट्स को मिली नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी



विद्यार्थियों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी दी गई ● कालेज प्रवक्ता

**एसडी कालेज सेक्टर-32 ने आयोजित की करियर गाइडेंस विजिट, छात्रों को मिली प्रोफेशनल कोर्सेज की जानकारी**

**जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ :** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के पीजी कामर्स एंड मैनेजमेंट विभाग द्वारा सतलुज पब्लिक स्कूल, पंचकुला के 11वीं और 12वीं कक्षा (कॉमर्स एवं ह्यूमैनिटीज) के 130 से अधिक स्टूडेंट्स के लिए करियर गाइडेंस विजिट आयोजित किया गया। यह विजिट राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रति जागरूकता और विकसित भारत 2047 के विज़न के अनुरूप आयोजित की गई। स्कूल से आए स्टूडेंट्स और टीचर्स का स्वागत कॉलेज के प्रिंसिपल डा. अजय शर्मा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में संस्थान की गौरवशाली विरासत, उपलब्धियों और यहां उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. अजय शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को बहुविषयक अध्ययन की सुविधा मिलती है।

Dainik Savera Times 22-4-26

# करियर गाइडेंस विजिट से सतलुज पब्लिक स्कूल के छात्रों को मिला नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का अनुभव

**विकसित भारत 2047 विज़न के तहत एसडी कॉलेज ने आयोजित की करियर गाइडेंस विजिट, छात्रों को मिली प्रोफेशनल कोर्सेज की जानकारी**

सवेरा न्यूज/नीना

चंडीगढ़, 21 अप्रैल : जीजीडीएसडी कॉलेज सैक्टर 32 के पीजी कामर्स एंड मैनेजमेंट विभाग द्वारा सतलुज पब्लिक स्कूल, पंचकुला के 11वीं और 12वीं कक्षा (कॉमर्स एवं ह्यूमैनिटीज) के 130 से अधिक स्टूडेंट्स के लिए करियर गाइडेंस विजिट आयोजित किया गया। यह विजिट राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रति जागरूकता और विकसित भारत 2047 के विज़न के अनुरूप आयोजित की गई। स्कूल से आए स्टूडेंट्स और टीचर्स का स्वागत कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में संस्थान की गौरवशाली विरासत, उपलब्धियों और यहां उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्र मों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. अजय शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रि यान्वयन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को बहुविषयक अध्ययन की सुविधा मिलती है। उन्होंने बताया कि अब छात्र अपनी रु चि और योग्यता के अनुसार विषयों का चयन कर सकते हैं, जिससे उनकी प्रतिभा को बेहतर ढंग से विकसित करने में सहायता मिलती है। करियर गाइडेंस विजिट के दौरान स्टूडेंट्स को डॉ. मोनिका मित्तल के नेतृत्व में कॉलेज कैंपस का दौरा करवाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मनुसुदय (स्ट्रेस मैनेजमेंट सेंटर), कॉलेज लाइब्रेरी, कामर्स एंड आर्ट्स के ब्लॉक, ऑडिटोरियम तथा एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक का अवलोकन किया। उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए), कंपनी सैक्रेटरी (सीएस), फॉरेंसिक अकाउंटिंग सहित विभिन्न पेशेवर पाठ्यक्रमों और क्षेत्रों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को अपने रु चि और क्षमता के अनुरूप करियर विकल्प चुनने के लिए प्रेरित किया।



करियर गाइडेंस में हिस्सा लेते छात्र।

आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. मोनिका सचदेवा ने संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इस दौरान आंभार स्वरूप स्कूल से आईं टीचर्स रूपन गोसाईं, आई. गुरजोत कौर, शिल्पा हुड्डा, महेश सिद्धू और रूथ मल्होत्रा को पौधे और स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्र म का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिसे डॉ. निधि चौधरी ने प्रस्तुत किया।

Divya Himachal 22-4-26

# एसडी कालेज में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा



चंडीगढ़। चीफ गेस्ट प्रिंसीपल डाक्टर अजय शर्मा को सम्मानित करने का दौर

चंडीगढ़। सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के पीजी कामर्स एंड मैनेजमेंट विभाग द्वारा सतलुज पब्लिक स्कूल पंचकूला के 11वीं और 12वीं कक्षा कॉमर्स एवं ह्यूमैनिटीजद्ध के 130 से अधिक स्टूडेंट्स के लिए करियर गाइडेंस विजिट आयोजित किया गया। यह विजिट राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रति जागरूकता और विकसित भारत 2047 के विज़न के अनुरूप आयोजित की गई। स्कूल से आए स्टूडेंट्स और टीचर्स का स्वागत कॉलेज के प्रिंसीपल डा. अजय शर्मा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में संस्थान की गौरवशाली विरासतए उपलब्धियों और यहां उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। डा. अजय शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को बहुविषयक अध्ययन की सुविधा मिलती है। उन्होंने बताया कि अब छात्र अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार विषयों का चयन कर सकते हैं, जिससे उनकी प्रतिभा को बेहतर ढंग से विकसित करने में सहायता मिलती है। इसके साथ हीए कौशल विकास आधारित कोर्सों को भी शामिल किया गया हैए जो विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार बनाते हैं। उन्होंने स्टूडेंट्स को अपने करियर को लेकर जागरूक रहने और बदलते शैक्षणिक परिदृश्य के अनुरूप खुद को तैयार करने के लिए प्रेरित किया।

Punjab Kesari 22-4-26

# करियर गाइडैंस विजिट से छात्रों को मिला नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का अनुभव

चंडीगढ़, 21 अप्रैल (आशीष) : सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के पी.जी. कॉमर्स एंड मैनेजमैंट विभाग द्वारा सतलुज पब्लिक स्कूल पंचकूला के 11वीं और 12वीं कक्षा कॉमर्स एवं ह्यूमैनिटीज के 130 से अधिक स्टूडैंट्स के लिए करियर गाइडैंस विजिट आयोजित किया गया। विजिट राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रति जागरूकता और विकसित भारत-2047 के विजन के अनुरूप आयोजित की गई। स्कूल से आए स्टूडैंट्स और टीचर्स का स्वागत कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने किया। डॉ. अजय शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को बहुविषयक अध्ययन की सुविधा मिलती है। उन्होंने बताया कि अब छात्र अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार विषयों का चयन कर सकते हैं, जिससे उनकी प्रतिभा को बेहतर ढंग से विकसित करने में सहायता मिलती है। इसके साथ ही कौशल विकास आधारित कोर्सों को भी शामिल किया गया है।



## कॉलेज कैंपस का दौरा करवाया

करियर गाइडैंस विजिट के दौरान स्टूडैंट्स को डॉ. मोनिका मित्तल के नेतृत्व में कॉलेज कैंपस का दौरा करवाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मनुसुदय, कॉलेज लाइब्रेरी, कॉमर्स एंड आर्ट्स के ब्लॉक, ऑडिटोरियम तथा एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक का अवलोकन किया। पी.जी. कामर्स एंड मैनेजमैंट विभाग की डीन डॉ. मेरू सहगल ने स्टूडैंट्स को कॉमर्स स्ट्रीम में करियर की व्यापक संभावनाओं से अवगत कराया। उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंसी, कंपनी सैक्रेटरी, फॉरेंसिक अकाउंटिंग सहित विभिन्न पेशेवर पाठ्यक्रमों और क्षेत्रों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को अपने रुचि और क्षमता के अनुरूप करियर विकल्प चुनने के लिए प्रेरित किया।